प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

13.02.2026/प्रादेशिक समाचार/11:00बजे

विश्व रेडियो दिवस

आज विश्व रेडियो दिवस मनाया जा रहा है। यह दिवस हर वर्ष 13 फरवरी को 1946 में संयुक्त राष्ट्र रेडियो की स्थापना की स्मृति में मनाया जाता है। इस वर्ष का विषय है– "रेडियो और एआई– एक उपकरण है, आवाज नहीं।" प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विश्व रेडियो दिवस के अवसर पर देशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा है कि यह दिवस रेडियो से जुड़े लोगों के प्रयासों को सम्मान देने का अवसर है। प्रधानमंत्री ने कहा कि रेडियो एक ऐसा माध्यम है जो दूर–दराज के गांवों से लेकर व्यस्त शहरों तक लोगों को एक विश्वसनीय आवाज के रूप में सेवाएं देता है। अपने कार्यक्रम मन की बात का उल्लेख करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि इस कार्यक्रम के माध्यम से उन्होंने समाज की शक्ति को उजागर करने में रेडियो क्षमता का अनुभव किया है।

प्रधानमंत्री ने नागरिकों से इस महीने की 22 तारीख को प्रसारित होने वाले 'मन की बात' कार्यक्रम के लिए अपने सुझाव साझा करने का भी आग्रह किया है।

मंत्रिमंडल

राज्य मंत्रिमंडल ने टोल कर बाधा नीति 2026–27 और उत्पाद शुल्क नीति 2026–27 को मंजूरी दे दी है। मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू की अध्यक्षता में शिमला में हुई बैठक में ये निर्णय लिया गया। मंत्रिमंडल की बैठक में हुई निर्णयों की जानकारी देते हुए उद्योग व संसदीय कार्य मंत्री हर्ष वर्धन चौहान ने बताया कि बैठक में प्रदेश विधानसभा के आगामी बजट सत्र में राज्यपाल द्वारा दिए जाने वाले अभिभाषण को भी मंजूरी दी गई है। उन्होंने बताया कि इंदिरा गांधी सुख शिक्षा योजना में संशोधन को मंजूरी दी गई, जिसके तहत विधवाओं की बेटियों को राज्य के भीतर और बाहर सरकारी संस्थानों में व्यावसायिक पाठ्यक्रम करने के लिए वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी।

पंचायती राज – अनुदान

केन्द्र सरकार ने ग्रामीण स्थानीय निकायों को मजबूत करने के लिए तीन हजार 3 सौ 24 करोड़ रुपये से अधिक की राशि स्वीकृत की है। यह निधि 15वें वित्त आयोग की सिफारिशों के तहत वित्तीय वर्ष 2025–26 के लिए अप्रतिबंधित अनुदान की दूसरी किस्त के रूप में जारी हुई है जो हिमाचल प्रदेश सहित पांच राज्यों बिहार, हरियाणा, उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल को दी जाएगी। इस राशि में से

हिमाचल प्रदेश की 3 हजार 6 सौ 2 ग्राम पंचायतों के लिए 68 करोड़ 30 लाख रुपये जारी किए गए हैं। साथ ही 26 अतिरिक्त पात्र ग्राम पंचायतों को 34 लाख 53 हजार रुपये भी जारी किए गए।

सर्वदलीय बैठक

प्रदेश सरकार ने राजस्व घाटा अनुदान यानी आर.डी.जी. बंद होने से प्रदेश के वितीय हालात पर चर्चा के लिए आज सर्वदलीय बैठक बुलाई है। ये बैठक शिमला स्थित राज्य सचिवालय में होगी। बैठक में मुख्यमंत्री, कैबिनेट मंत्रियों के अलावा भाजपा अध्यक्ष व अन्य दलों के नेताओं को बुलाया गया है। वित विभाग इस बैठक में प्रदेश की वितीय स्थिति पर प्रस्तुति देगा।

जयराम ठाकुर

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा है कि मुख्यमंत्री द्वारा केंद्र सरकार को कोसना और टकराव का रास्ता अपनाना प्रदेश के भविष्य के लिए घातक सिद्ध हो सकता है। सुंदरनगर में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने राज्य सरकार पर आगामी विधानसभा के सत्र को लेकर विधायकों को गुमराह करने और आर.डी.जी. के बहाने अपनी चुनावी गारंटियों से पल्ला झाड़ने का आरोप भी लगाया। जयराम ठाकुर ने कहा कि राज्य सरकार कर्मचारियों को डीए व एरियर देने में भी असमर्थता जता रही है।

शिक्षा मंत्री

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने राज्य के सभी विद्यालयों में सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा करने और उसे अधिक मजबूत बनाने के अधिकारियों को निर्देश दिए है। उन्होंने कहा कि विद्यालय बच्चों, शिक्षकों और कर्मचारियों के लिए सबसे सुरक्षित स्थान होने चाहिए। शिक्षा मंत्री ने कांगड़ा जिला के देहरा क्षेत्र की चनौर पंचायत के प्राथमिक विद्यालय में मिड–डे मील वर्कर सलोचना देवी की हत्या की घटना पर गहरा दुःख जताते हुए इस घटना को अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण बताया। रोहित ठाकुर ने कहा कि इस मामले में आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है और कानून के अनुसार सख्त व आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

च